# जनवरी 2015

# Most IMP Current Affairs




Crack GPSC

www.crackgpsc.com

करन्ट शतक

Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ

# जनवरी 2015

## We are famous for…

**The Most IMP,**

**Authentic,**

**To the point,**

**Up to date**

**Material**

Useful For….
UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams

www.crackgpsc.com

www.crackgpsc.com

# Most Imp Current Affairs – January 2015

## ➢ 1st week

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने उत्तर प्रदेश में बागपत के चन्द्रयान गाँव में उत्तर हड़प्पा काल (1900-1800 ईसा पूर्व) से संबंधित एक घर की खोज की।
- हॉलीवुड अभिनेत्री लुइस रेनर का निमोनिया के कारण 104 वर्ष की आयु में निधन हो गया। रेनर पहली अभिनेत्री थीं, जिन्होंने लगातार दो ऑस्कर अवार्ड जीते। उन्होंने द ग्रेट जीगफेल्ड (1936) व द गुड अर्थ (1937) फिल्मों के लिए ऑस्कर अवार्ड जीते।
- प्रख्यात पत्रकार बूब्ली जॉर्ज वर्गीज का बीमारी के बाद निधन। वे वर्ष 1966-1969 के बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सूचना सलाहकार थे। वर्ष 1975 में वर्गीज को पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए रेमन मैगसेसे पुरस्कार दिया गया।
- अर्द्ध शुष्क उष्णकटिबंधीय अंतरराष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (ICRISAT) ने छोटे किसानों के लिए ग्रीन फेबलेट का शुभारंभ किया। ग्रीन फेबलेट फोन और टैबलेट कंप्यूटर का कम लागत वाला एक कस्टमाइज्ड संयोजन है। यह उपकरण ग्रीन सीम से चलता है।
- ग्रीन फेबलेट धूल एवं टूट-फूट से सुरक्षित है। सूरज की तेज रौशनी में भी इसमें पढ़ा जा सकता है और यह -20°सेंटिग्रेट से +60°सेंटिग्रेट तापमान पर काम कर सकता है। इससे किसानों को कम कीमत पर उपयोग सामग्री खरीदने, उनके उत्पादन की अच्छी कीमत प्राप्त करने और उन्हें बाजार से जोड़ने का काम किया जायेगा। ग्रीन सीम एक विशेष सिम कार्ड है जो किसी भी मोबाइल फोन में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे ICRISAT, एयरटेल और इफ्फको (इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव) किसान संचार लिमिटेड (ज़SL) ने मिलकर तैयार किया है।
- बेजी कैड एस्सबेसी ने ट्यूनिशिया के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वे वर्ष 1956 में फ्रांस से आजादी हासिल करने के बाद ट्यूनिशिया के पहले स्वतंत्र निर्वाचित नेता बन गए। एस्सबेसी ने ट्यूनिशियाई क्रांति के बाद से ट्यूनिशिया के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में काम कर रहे मोनकेफ मार्ज़ूकि के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव जीता। वे 2014 में बनी धर्मनिरपेक्ष निड्डा टोयून्स पार्टी के संस्थापक थे।
- गुजरात सरकार ने वर्ष 2015 के लिए नई औद्योगिक नीति की घोषणा की। औद्योगिक नीति का उद्देश्य राज्य को वैश्विक विनिर्माण का हब बना कर प्रधानमंत्री

www.crackgpsc.com

नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया सपने को हकीकत में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।

- आर. कोटेश्वरण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक इंडियन ओवसरीज बैंक (आईओबी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रुप में कार्यभार संभाला। उन्होंने एम नरेंद्र की जगह ली। इससे पहले कोटेश्वरण बैंक ऑफ इंडिया के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर थे।
- भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक जीजी थॉमसन ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। थॉमसन ने सरकार पर उनकी पदोन्नति को लेकर देरी करने का आरोप लगाया। थॉमसन ने केरल के मूल कैडर में लौटने का अनुरोध किया। जीजी थॉमसन 31 जनवरी 2015 से केरल के मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करेंगे।
- भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मिजोरम, मेघालय और उत्तराखंड में राज्यपाल नियुक्त किए। उत्तराखंड के राज्यपाल अजीज कुरैशी को स्थानांतरित करते हुए उन्हें मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया। मेघालय के राज्यपाल डा. कृष्ण कांत पॉल का स्थानांतरण कर उन्हें उत्तराखंड के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया। कृष्णकांत पॉल मणिपुर राज्यपाल कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी को मिजोरम के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया।
- सीबीआरई ग्लोबल रिसर्च एंड कंसल्टिंग के अर्धवार्षिक वैश्विक किराया लागत सर्वेक्षण 2014 (Global Prime Office Occupancy Costs survey 2014) के अनुसार राजधानी का कनॉट प्लेस दुनिया का छठा सबसे महंगा कार्यालय गंतव्य है। सबसे महंगा कार्यालय स्थल पश्चिम लंदन है। यहां किराया दर 274 डॉलर प्रति वर्ग फुट सालाना है। हांगकांग (सेंट्रल) दूसरे स्थान पर है।
- केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड परियोजना (NATGRID) पर विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा आंकड़े एवं सूचनाये साझा करने की आशंका को दूर करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड ख़ुफ़िया सूचनाओं को समय पर साझा करने के लिए बनाया गया वास्तविक तंत्र है। समिति का गठन केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में किया जाएगा। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के बाद राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड परियोजना स्थापित करने का विचार आया था। वर्ष 2009 को परियोजना को प्रारम्भ किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य देश-विदेश में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों तथा कानून लागू करने वाली एजेंसियों को ठोस सूचना का आदान-प्रदान करना है।
- रियलिटी शो बिग बॉस सीजन-8 में बतौर प्रतियोगी रहे प्रोफेशनल रेसलर संग्राम सिंह ने डेथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। ऐसा करनेवाले वह पहले भारतीय बन गए है। संग्राम सिंह ने 'लास्ट मैन स्टैंड फाइट' के तहत यह कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इस कॉन्ट्रैक्ट

या करार के मुताबिक मुकाबले के दौरान मारे जाने पर या घायल होने पर शो के ऑर्गेनाइजर जिम्मेवार नहीं होते हैं।

- पशु अधिकार संगठन 'पेटा इंडिया' ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रख्यात अभिनेत्री रेखा को 'सबसे हॉट शाकाहारी हस्तियां' का खिताब दिया है। साल 2014 में पौधों से बने भोजन को अत्यंत लोकप्रिय बनाने के कारण उन्हें यह खिताब दिया गया।
- 'स्मार्ट' पुलिसिंग की शुरूआत की कवायद के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हर राज्य में एक मॉडल पुलिस स्टेशन की स्थापना करने का फैसला किया।
- एके मित्तल को रेलवे बोर्ड का अध्यक्ष एवं भारत सरकार का पदेन प्रधान सचिव नियुक्त किया गया। एके मित्तल ने सेवानिवृत हुए अरुणेंद्र कुमार का स्थान लिया। एके मित्तल इससे पहले रेलवे बोर्ड के मेम्बर स्टॉफ और भारत सरकार के पदेन सचिव थे।
- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग विधेयक 2014 पर हस्ताक्षर कर दिया। इसके साथ ही राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम 2014 प्रभाव में आ गया है। विधेयक को 121वां संवैधानिक संशोधन विधेयक 2014 भी कहा जाएगा। यह एक राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) की स्थापना करेगा जो उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कोलोजियम प्रणाली की जगह लेगा। यह एनजेएसी को सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट्स (उच्च न्यायालयों) में जजों की नियुक्ति के लिए संवैधानिक दर्जा देता है। अब सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति एजेएसी के परामर्श से करेंगें। एनजेएसी के अध्यक्ष भारत के मुख्य न्यायाधीश होंगे।
- यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास (अमेरिका) के साउथवेस्टर्न मेडिकल सेंटर के वैज्ञानिकों ने संक्रमण के कारण होने वाले समय पूर्व प्रसव (प्रीमैच्योर बर्थ) रोकने में सहायक पदार्थ 'हैलुरोनॉन' की खोज की। 'हैलुरोनॉन' नाम का यह पदार्थ आंखों, जोड़ों और त्वचा में भी काफी अहम भूमिका निभाता है। इस की पहचान होने से समय पूर्व प्रसव के कारण होने वाली शिशुओं की मृत्यु रोकने में मदद मिल सकती है।
- छत्तीसगढ सरकार ने नए वर्ष में राज्य को प्लास्टिक थली मुक्त करने का फैसला किया और राज्य में प्लास्टिक थली पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
- भारत सरकार ने 65 वर्ष पुरानी संस्था योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान, एनआईटीआई) की स्थापना की। भारत सरकार ने यह कदम राज्य सरकारों, विशेषज्ञों तथा प्रासंगिक संस्थानों सहित सभी हितधारकों से व्यापक विचार विमर्श के बाद उठाया। भारत के प्रधानमंत्री इस आयोग के अध्यक्ष होंगे। इस संस्था में एक उपाध्यक्ष तथा एक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) होगा। उपाध्यक्ष की नियुक्ति आयोग का अध्यक्ष करेगा। नीति आयोग (राष्ट्रीय भारत

www.crackgpsc.com

परिवर्तन संस्थान) की संचालन परिषद होगी जिसमें सभी मुख्यमंत्रियों तथा उप-राज्यपालों को शामिल करना पिछले निकाय (योजना आयोग) से इसे अलग बनाता है।

- महाराष्ट्र सरकार ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन करने की ऑनलाइन सुविधा का शुभारंभ किया। ई-फिलिंग की सुविधा अंग्रेजी और मराठी दोनों ही भाषाओं में होगी। इसमें आवेदक अपनी याचिका की प्रगति की स्थिति को भी पता कर सकेंगे। आवेदन शुल्क इंटरनेट बैंकिंग या डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिए दिया जा सकता है।
- केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए एकीकृत मोबाइल एप हिम्मत का शुभारंभ किया। हिम्मत दिल्ली पुलिस का ऐसा मोबाइल एप्प है जो महिलाओं को किसी भी आपात स्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम और उनके रिश्तेदारों को संकट में कॉल करने की अनुमति देता है। इस एप्प का इस्तेमाल सिर्फ तभी किया जाएगा जब जीवन और अंगों पर खतरा हो। 3 बार झूठा अलर्ट करने पर पंजीकरण को रद्द कर दिया जाएगा।
- वेनीज़ुएला ने इस बात की पुष्टि की है कि उसकी अर्थव्यवस्था मंदी के दौर में प्रवेश कर गई है। साल की पहली तीन तिमाहियों में संकुचन दर्ज हुआ और नवंबर माह मे मुद्रास्फीति पिछले 12 महीने के उच्चतम स्तर 63% पर पहुंच गई।
- ब्रिटेन स्थित प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं गुजराती मूल के राजनेता लार्ड मेघनाद देसाई को गुजराती के तौर पर समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल विश्व प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार के लिए देसाई का चयन विश्व गुजरात समाज द्वारा किया गया है।
- के. राधाकृष्णन (कोप्पिल्लिल राधाकृष्णन) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए। इन्होंने भारत के मंगलयान अभियान का नेतृत्व किया। पद्म भूषण से सम्मानित राधाकृष्णन को नेचर साइंस जर्नल ने 2014 के दस शीर्ष वैज्ञानिक हस्तियों में से एक चुना था। पृथ्वी विज्ञान विभाग के सचिव डा. शैलेश नायक को डीओएस (अंतरिक्ष विभाग) के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।
- केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्रालय ने 'बॉक्सिंग इंडिया' (बीआइ) के नाम को अपनी मंजूरी प्रदान की। वर्तमान में बाक्सिंग इंडिया के अध्यक्ष पद पर संदीप जाजोदिया तथा इसके महासचिव जय कोवली हैं।



- एम. सत्यवती देश की पहली महिला डीजीसीए (डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन) नियुक्त। एम. सत्यवती इस से पहले नागर विमानन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और आर्थिक सलाहकार थीं।
- यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास साउथवेस्टर्न मेडिकल सेंटर के प्रोफेसर जेरी शे के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने कैंसर कोशिकाओं की जैविक घड़ी को नियंत्रित करने वाली अणु '6-थायोडजी' (6-thiodG) की खोज की।
- पुर्तगाल के फ़ुटबाल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लगातार दूसरे वर्ष यूरोप का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी चुना गया। इनका चयन उरुग्वे के समाचार पत्र 'एल पेस' द्वारा कराए एक सर्वे के तहत यूरोपीय पत्रकारों द्वारा किया गया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो स्पेन के क्लब रियाल मेड्रिड के लिए खेलते हैं। अर्जेंटीना के कोच डिएगो सिमेओन को 'यूरोप का सर्वश्रेष्ठ कोच' चुना गया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष वीआर गोवारिकर (वसंत आर गोवारिकर) का निधन हो गया। विदित हो कि वीआर गोवारिकर ने वरिष्ठ भारतीय वैज्ञानिक विक्रम साराभाई के साथ भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की नींव रखी थी। वे वर्ष 1991 से वर्ष 1993 तक प्रधानमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार पद पर रहे।
- न्यायमूर्ति एल नरसिम्हा रेड्डी ने पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया। बिहार के राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी ने उन्हें शपथ दिलाई।
- भारतीय मूल के अमेरिकी कथक गुरु चित्रेश दास का निधन हो गया।
- विश्व ब्रेल दिवस 4 जनवरी 2015 को पूरे विश्व में मनाया गया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में घरों में ऊर्जा की बचत करने वाले प्रकाश उपकरणों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम आरंभ किया। एलईडी बल्ब साधारण बल्ब से करीब 50 गुना अधिक समय तक चलता है। एलईडी बल्बों का वितरण मार्च 2015 से एक चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इस परियोजना के तहत मकानों एवं सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए 100 शहरों में एलईडी बल्ब लगाने का लक्ष्य रखा गया जिसे मार्च 2016 तक पूरा किया जाएगा।
- नीलेश शाह ने एक्सिस कैप्टिल लिमिटेड के एमडी और सीईओ के पद से इस्तीफा दे दिया।
- हालीवुड अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन का चयन मोंटेसिटो पुरस्कार हेतु किया गया। उन्हें यह पुरस्कार फिल्म 'केक' में बेहतरीन अभिनय के लिए दिया जाना है।
- किरणभाई वडोडरिया को वर्ष 2014-15 के लिए इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) का अध्यक्ष चुना गया। वह गुजराती समाचार पत्र संभाव मेट्रो के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक हैं। वह द स्टेट्समैन के रवींद्र कुमार का स्थान लेंगे। गृहलक्ष्मी के पीवी चंद्रन को आईएनएस का "डिप्टी प्रेसिडेंट" चुना गया।

www.crackgpsc.com

- प्रख्यात गुजराती अभिनेता उपेंद्र जेठलाल त्रिवेदी का निधन हो गया। उन का जन्म साबरकांठा जिले के इदर शहर के निकट कुकदिया गांव में हुआ था। उपेंद्र ने मुंबई में  एक मजदूर के रूप में काम करना शुरू किया। वर्ष 1971 में उपेंद्र त्रिवेदी ने रवींद्र त्रिवेदी द्वारा निर्देशित फिल्म जेसल तोरल के साथ गुजराती फिल्मों में अभिनेता के रूप में अपने कैरियर शुरू किया। उपेंद्र त्रिवेदी को 'अभिनय सम्राट' के नाम से भी जाना जाता था। उपेंद्र ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त गुजराती फिल्म मानवीनी भवाई का निर्देशन किया। उन को वर्ष 1989 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हों ने वर्ष 1985 में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर भिलोदा सीट से जीत दर्ज कर राजनीति में प्रवेश किया। गुजरात विधानसभा में वर्ष 2000 से 2002 तक वह विधानसभा उपाध्यक्ष भी रहे।
- अंतरराष्ट्रीय हिंदी कांफ्रेंस-2015 को अमेरिका के न्यूजर्सी में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।
- रेल मंत्रालय ने भारतीय रेल में जल एवं ऊर्जा के उपयोग समेत पर्यावरण से जुड़े हर पहलुओं की जिम्मेदारी के साथ रेलवे बोर्ड के अंतर्गत एक 'पर्यावरण निदेशालय' का गठन किया।
- ब्रिटेन के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मर्रे ने एटीपी वर्ल्ड टेनिस चैम्पियनशिप-2015 के पुरुष एकल का खिताब जीता। नोवाक जोकोविच के फाइनल मुकाबले से बीमारी के कारण हट जाने के बाद एंडी मर्रे विजेता घोषित किया गया।
- स्पेन के फुटबॉल क्लब एफसी बार्सिलोना के स्ट्राइकर नेमार को सांबा गोल्ड पुरस्कार के लिए चुना गया। यह पुरस्कार यूरोप में खेलने वाले ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को अपने ग्राहक को पहचानो (नो योर कस्टमर्स केवाईसी) नियमों में ढील दी। आरबीआई की अधिसूचना के अनुसार केवाईसी अभ्यास को तीन तरीके से किया जाना आवश्यक है और वे हैं (1) उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों और निकायों के लिए कम से कम 2 वर्षों में एक बार (2) मध्यम जोखिम वाले व्यक्तियों और निकायों के लिए कम से कम 8 वर्षों में एक बार (3) कम जोखिम वाले व्यक्तियों और निकायों के लिए कम से कम 10 वर्षों में एक बार। पिछले मानदंडों के मुताबिक एनबीएफसी को कम जोखिम वाले श्रेणी के ग्राहकों से प्रत्येक पांच वर्षों में एक बार और उच्च एवं मध्यम जोखिम श्रेणियों के ग्राहकों से प्रत्येक दो वर्षों में केवाईसी लेनी होती थी।
- अमेरिका के प्रसिद्ध संगीत गायक लिटिल जिमि डिकेन्स का निधन हो गया।
- केंद्र सरकार ने बेजबरुआ समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया। सिफारिशें आगामी छह महीनों में लागू की जाएंगी। इस समिति का काम देश के अन्य हिस्सों में

www.crackgpsc.com

उत्तर पूर्व के लोगों की चिंताओं पर गौर करना था। समिति ने भारतीय दंड संहिता की धारा 153 में संशोधन की, इस इलाके के लोगों के खिलाफ बढ़ती हिंसा से निपटने के लिए नए कानून बनाने की, उनके खिलाफ किया गया कोई भी अपराध संज्ञेय और गैर जमानती बनाने की, एफआईआर की जांच 60 दिनों में पूरी करने की, ट्रायल 90 दिनों के भीतर पूरा करने की, जघन्य अपराध पीड़ितों की मदद के लिए राहत कोष की स्थापना की, सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग की, उत्तर पूर्व के लोगों पर नजर रखने के लिए व्यापक कंप्यूटर डाटाबेस बनाने की, उत्तर पूर्व भारत से खेल को बढ़ावा देने की, सिफारिश की है।

- तुर्की के काप्पाड़ोसिया क्षेत्र में जमीन के नीचे 5000 वर्ष पुराने शहर का अवशेष मिला। इस शहर को तुर्की के बाहरी इलाके 'सेंट्रल अनाटोलिया' में खोजा गया।
- केरल के ओ.टी. अनिलकुमार ने चेन्नई के नेहरू स्टेडियम में सातवां चेन्नई ओपन फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट जीता।

## 2nd week

- रायगढ़ नगर निगम में महापौर पद की निर्दलीय उम्मीदवार और ट्रांसजेंडर मधु किन्नर ने महापौर पद का चुनाव जीता। मधु किन्नर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के महावीर चौहान को हराया। राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई किन्नर राज्य में महापौर बनी हैं। गौरतलब है कि देश में पहली बार मध्य प्रदेश ने एक किन्नर को विधायक चुना था। शबनम मौसी वर्ष 2000 में सुहागपुर से विधायक चुनी गई थीं।
- भारत के प्रधानमंत्री एवं नीति आयोग (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान, National Institution for Transforming India Aayog) के अध्यक्ष नरेंद्र मोदी ने अर्थशास्त्री अरविंद पानगडिया को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। पनगढ़िया अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। वे मुक्त बाजार और मोदी के गुजरात मॉडल के समर्थक है। अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय और डीआरडीओ के पूर्व प्रमुख वीके सारस्वत को पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली, केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह और रेल मंत्री सुरेश प्रभु को आयोग के पदेन सदस्य तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्मृति जुबीन ईरानी और थावर चंद गहलोत को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।



- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने न्यायमूर्ति मोहम्मद याकूब मीर को जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र प्रधान ने बीपीएल परिवारों के लिए ओडिसा के भुवनेश्वर में 5 किलोग्राम के सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री का शुभारंभ किया। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में रह रहे बीपीएल

www.crackgpsc.com

परिवारों के लिए विस्तारित कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना का उद्घाटन किया। इस योजना के तहत सिलेंडर और प्रेशर रेगूलेटर के लिए बिना कोई जमानत राशि जमा किए बीपीएल परिवार एलपीजी कनेक्शन ले सकते हैं।

- तमिलनाडु सरकार ने तिरुचिरापल्ली में 'अम्मा सीमेंट' योजना की शुरुआत की। इस योजना के अनुसार, तमिलनाडु सरकार हर महीने निजी कंपनियों से दो लाख टन सीमेंट खरीदेगी और 190 रुपये प्रति बोरी की दर से राज्य के आम लोगों को बेचेगी।
- बालीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को आंध्र प्रदेश के मेडिकल और स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेस्डर नामित किया गया।
- एस श्रीकृष्ण ने बीआरसी ग्लोस्टर राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप 2015 में अपना पहला राष्ट्रीय सब जूनियर बिलियर्ड्स खिताब जीता।
- बीसीसीआई ने आईसीसी विश्वकप 2015 हेतु महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 15 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा की। टीम में युवराज सिंह को शामिल नहीं किया गया। भारतीय क्रिकेट टीम : महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान/विकेटकीपर), विराट कोहली, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, अजिंक्ये रहाणे, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, रवीन्द्र जडेजा, ईशांत शर्मा, अंबाती रायडु, अक्षर पटेल और स्टुअर्ट बिन्नी।
- ब्रिटेन की साउथेम्पटन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक प्रोजेक्ट लेटिस ऑन मार्स (मंगल ग्रह पर प्रोजेक्ट लेटिस) के तहत वर्ष 2018 में मंगल पर लेटिस उगाने की योजना बना रहे हैं। इस परियोजना के तहत टीम पृथ्वी से बहुत कम सामग्री ले जाकर मंगल ग्रह के वातावरण से प्राप्त गैसों की मदद से छोटे पौधे विकसित करेगी।
- भारतीय भारोत्तोलकों ने कतर के दोहा में 17वीं एशियाई युवा (लड़के और लड़कियां), 22वीं जूनियर महिला और 29वीं जूनियर पुरूष एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में छह स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक प्राप्त किए। भारत ने सर्वाधिक तीन स्वर्ण पदक लड़कों के युवा वर्ग में जीते।
- वैश्विक वित्तीय सेवा प्रदाता फर्म नोमुरा (Nomura) ने वित्तीय वर्ष 2014-15 में भारत की सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 5.5% रहने का अनुमान जताया।
- दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एल्विरो पीटरसन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया।
- केंद्र सरकार ने खुफिया एजेंसी 'रॉ' के पूर्व प्रमुख अलोक जोशी को राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) के वरिष्ठ सलाहकार पद पर नियुक्त किया। वे एनटीआरओ के वर्तमान वरिष्ठ सलाहकार एजी आप्टे का स्थान लेंगे, जो मार्च 2015 में सेवानिवृत होंगे।
- ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने बीआरसी ग्लोस्टर राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप 2015 में अपना पहला राष्ट्रीय सब जूनियर स्नूकर खिताब जीता।

www.crackgpsc.com

- नागरिकता (संशोधन) अधिनियम-2015 (Citizenship (Amendment) Ordinance, 2015) को लागू किया गया। इस अध्यादेश के तहत भारतीय नागरिक अधिनियम-1955 में निम्न संशोधन किए गए। इसमें भारत में विवाह करने वाले विदेशियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए देश में एक वर्ष तक लगातार रहने की शर्त भी हटा ली गई। वर्तमान में भारतीय नागरिकता के लिए भारत में लगातार एक वर्ष तक रहना अनिवार्य है, लेकिन, अगर केन्द्र सरकार संतुष्ट है तो विशेष परिस्थितियों में इसमें छूट दी जा सकती है। अध्यादेश में भारतीय मूल के लोगों को आजीवन वीजा देने और भारत की अपनी प्रत्येक यात्रा के दौरान उन्हें स्थानीय थाने में हाजिर होने की शर्त से छूट देने का प्रावधान है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा के सम्मान में सिक्का जारी किया। यह सिक्का उनकी 175वीं जयंती पर जारी किया गया। जमशेदजी को आधुनिक भारतीय उद्योग का जनक कहा जाता है। जमशेदजी का जन्म 1839 में गुजरात के नवसारी में हुआ था। उन्होंने टाटा समूह की नींव रखी जो देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है।
- रावसाहेब पाटिल दानवे महाराष्ट्र में भाजपा के अध्यक्ष नियुक्त किए गए।
- डॉ दिनेश उरांव सर्वसम्मति से झारखंड विधानसभा का अध्यक्ष निर्वाचित।
- गूगल के सह-संस्थापक और सीईओ लैरी पेज को 'फॉचर्यून' पत्रिका द्वारा वर्ष 2014 का "बिजनेस पर्सन ऑफ द इयर" चुना गया। पेज को पत्रिका द्वारा जारी 20 कारपोरेट हस्तियों की विश्व सूची में प्रथम स्थान दिया गया। यह सूची कंपनी के प्रदर्शन, नेतृत्व स्टाइल तथा शेयरधारकों के कुल रिटर्न के आधार पर तैयार की गई। एप्पल के सीईओ टिम कुक दुसरे पर रहे।
- एयर एशिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान क्यूजेड 8501 का पिछला हिस्सा (टेल सेक्शन) जावा सागर में प्राप्त हुआ।
- अमेरिका स्थित हार्वर्ड-स्मिथसोनियन खगोल भौतिकी केंद्र के खगोलविदों ने नासा की 'केपलर' अंतरिक्ष दूरबीन की मदद से आठ नए ग्रहों की खोज की घोषणा की। अंतरिक्ष में जीवन की संभावना खोजने के क्रम में आठ ऐसे ग्रहों का पता लगा है, जो धरती के आकार-प्रकार के है और जिन्हें मानव के रहने लायक माना जा रहा है। ये आठों ग्रह अपने तारों की उतनी ही दूरी से परिक्रमा कर रहे हैं, जितनी दूरी से पृथ्वी सूर्य की करती है। इनमें से दो ग्रहों की पृथ्वी से बहुत अधिक समानता पाई गई है जिन के नाम 'केपलर-438बी' और 'केपलर-442बी' है।
- भारत सरकार ने उर्वरक कंपनियों को 100% नीम लेपित यूरिया का उत्पादन करने की अनुमति दी। इससे पहले उर्वरक संयंत्र की कुल क्षमता के 35% तक नीम लेप वाले यूरिया का उत्पादन करने की अनुमति थी। नीम लेप वाले यूरिया के कारण किसानों की आय बढ़ेगी क्योंकि यूरिया के कम इस्तेमाल से उत्पादकता बढ़ेगी। नीम लेपित वाले

www.crackgpsc.com

यूरिया के प्रयोग से 15 से 20 प्रतिशत की अधिक ऊपज होती है और 15 से 20 प्रतिशत यूरिया का कम इस्तेमाल भी होता है। इससे सरकार के सब्सिडी पर होने वाले खर्च में भी सालाना 6500 करोड़ रुपए की कमी आएगी। इसके अलावा जब किसान नीम लेपित यूरिया का इस्तेमाल करते हैं तो नाइट्रोजन धीरे-धीरे निकलने से मृदा की उर्वरा को मदद मिलती है।

- आईसीआईसीआई बैंक ने 'कांटेक्टलेस' डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड जारी किया। इन कार्डों के जरिए भुगतान करते समय इन्हें मर्चेंट टर्मिनल (इलेक्ट्रिक पेमेंट मशीन) पर स्वाइप नहीं करना पड़ता, बल्कि उसके पास लहराने से ये मशीन से जुड़ जायेंगी। यह कार्ड 'नियर फील्ड कम्युनिकेशन' (एनएफसी) प्रौद्योगिकी पर आधारित है। भारत में जारी किया गया यह अपनी तरह का पहला कार्ड है। आईसीआईसीआई ने इस कार्ड की शुरुआत एक साथ गुड़गांव, मुंबई और हैदराबाद से की।
- पाकिस्तान पर्यटन विकास निगम (पीटीडीसी) ने नई दिल्ली और लाहौर के बीच चलने वाली मैत्री बस सेवा को वाघा सीमा तक सीमित करने की घोषणा की। पाकिस्तान पर्यटन विकास निगम (पीटीडीसी) के अनुसार, आतंकी हमले से यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया। मुसाफिरों को वाघा सीमा पर बस बदलनी होगी। विदित हो कि वर्ष 1999 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली-लाहौर मैत्री बस सेवा प्रारंभ की थी।
- अमेरिकी कंपनी डिजिपास ने इंटरनेशनल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो 2015 में पहला स्मार्ट सामान लॉक ईजी टच लॉन्च किया। यह डिजिटल लॉक उपयोगकर्ताओं को अपने स्मार्टफोन से सिर्फ स्विप कर अपने सूटकेस को खोलने या बंद करने की सुविधा प्रदान करता है।
- अविजित घोष हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन के सीएमडी नियुक्त।
- पेरिस (फ्रांस) स्थित फ्रेंच पत्रिका 'चार्ली हेब्दो' के कार्यालय पर हुए आतंकी हमले में 12 लोगों की मृत्यु हो गई। मरने वालों में पत्रिका के संपादक स्टीफेन कारबोनियर भी है। 'चार्ली हेब्दो' ने सितंबर 2012 में पैगम्बर मुहम्मद का कार्टून छापा था, तभी से यह पत्रिका आतंकवादियों के निशाने पर थी।
- अमेरिका स्थित ड्यूक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में मानव मांसपेशी तैयार करने में कामयाबी हासिल की।



- अतुल खरे को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का अंडर- सेक्रेटरी जनरल, डिपार्टमेंट ऑफ फिल्ड सपोर्ट (डीएफएस) नियुक्त किया गया। वे बांग्लादेश के अमीराह हक का स्थान लेंगे। खरे वर्तमान में भारत में धर्मार्थ चिकित्सा सलाहकार हैं।
- भारत 26 सितंबर 2015 से 10 अक्टूबर 2015 तक होने वाले 42वें विश्व ब्रिज चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। चैंपियनशिप चेन्नई में आयोजित की जाएगी। यह पहली बार है जब एशिया में विश्व ब्रिज चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 40 से भी अधिक देशों की 66 टीमों के 660 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।
- महाराष्ट्र के इशप्रीत चड्ढा ने बंगाल रोइंग क्लब (कोलकाता) में जारी राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप में दोहरा खिताब जीता।
- उपराष्ट्रपति मो. हामिद अंसारी ने पुस्तक "द इंडियन पार्लियामेंट- ए क्रिटिकल अप्रैजल" का विमोचन किया। अंग्रेजी भाषा में लिखी गई यह पुस्तक जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सुधा पाई और अविनाश कुमार द्वारा संपादित है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के स्वदेश वापसी के 100 वर्ष पूरे होने पर गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में स्मारक डाक टिकट जारी किया। स्मारक डाक टिकट का शीर्षक 'महात्मा गांधी की वापसी के 100 वर्ष' दिया गया।
- मुफ्त वॉयस कॉलिंग करने के लिए चैट एप्लीकेशन हाइक मैसेंजर ने अमेरिका के मुफ्त वॉयस कॉलिंग कंपनी जिप फोन का अधिग्रहण किया। जिप फोन की स्थापना 2014 में अमेरिका में अनुज जैन ने की थी। कंपनी ने पूरी दुनिया में काम करने वाली एक वॉयस कॉलिंग एप्प बनाया था।
- 102वां भारतीय विज्ञान कांग्रेस (आईएससी) का आयोजन मुंबई में किया गया। आईएससी का थीम, मानव विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी था। इस का आयोजन भारतीय विज्ञान कांग्रेस संघ (आईएससीए) ने मुंबई विश्वविद्यालय के साथ मिलकर किया था।
- वर्ष 2015 के प्रवासी भारतीय सम्मान हेतु 15 प्रवासी भारतीयों का चयन किया गया।
- मैत्रिपाल श्रीसेना ने श्रीलंका के सातवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति पद हेतु हुए चुनाव में श्रीलंका के निवर्तमान राष्ट्रपति महिंद्रा राजपक्षे को पराजित किया। मैत्रिपाल श्रीसेना को श्रीलंका में एक सादगी पसंद नेता के रूप में माना जाता है। वे राजपक्षे सरकार में स्वास्थ्य मंत्री के पद पर रह चुके हैं। सत्ता के इस शांतिपूर्ण तरीके से हस्तांतरण में नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने भी शपथ ली जो अब तक विपक्ष के नेता थे।



करन्ट शतक
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ

www.crackgpsc.com

- इरफान खान और निम्रत कौर अभिनीत फिल्म 'द लंचबॉक्स' को ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म अवार्ड्स (बाफ्टा) 2015 के 'फिल्म नॉट इन द इंग्लिश लैंग्वेज कैटेगरी' की श्रेणी में पुरस्कार के लिए नामांकित की गई।
- वरिष्ठ द्रमुक नेता एम करुणानिधि लगातार 11वीं बार द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के अध्यक्ष चुने गए। विदित हो कि द्रमुक के संस्थापक सीएन अन्नादुरई की मृत्यु के बाद एम करुणानिधि को पहली बार 1969 में पार्टी का अध्यक्ष चुना गया था।
- वेतन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं गुवाहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आरके मणिसाना का निधन हो गया।
- जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लागू हुआ। दिसंबर 2014 में जम्मू-कश्मीर विधान सभा हेतु संपन्न चुनाव में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत न मिलने एवं इनके बीच आपसी गठजोड़ न हो पाने के कारण राज्य में राज्यपाल शासन लागू किया गया। विदित हो कि जम्मू-कश्मीर का अलग संविधान होने के कारण यहां राष्ट्रपति शासन के स्थान पर राज्यपाल शासन लागू होता है। जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल एनएन वोहरा है।
- मोडिबो केटा पश्चिम अफ्रीकी देश माली के प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए। मोडिबो केटा ने मूसा मारा का स्थान लिया जिन्होंने देश के आतंकवाद ग्रस्त हालात की वजह से राष्ट्रपति की ओर से बढ़ते दबाव के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।
- घातक नील जिह्वा रोग (ब्लू टंग डीजिज) से निपटने के लिए रक्षा ब्लू नाम के वैक्सीन को लॉन्च किया गया। वैक्सीन को लॉन्च करने का उद्देश्य नील जिह्वा रोग की वजह से पशु खेती समुदाय को होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करना है। नील जिह्वा रोग के लिए यह भारत का पहला वैक्सीन है। विषाणु से फैलने वाली इस बीमारे के पूरी दुनिया में 24 प्रकार हैं। इनमें से पांच प्रकार भारत में अधिक प्रचिलत हैं। नील जिह्वा रोग देश भर के लाखों भेड़ों, बकरियों, भैंसों, हिरण, ऊंटों और मृगों को प्रभावित करती है।
- नॉर्थइस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की टीम ने टीक्सोबैक्टीन नाम के नए एंटीबायोटिक की खोज की। करीब तीन दशकों के बाद पहली बार खोजा गया यह एंटीबायोटिक ऐसे संक्रमणों से लड़ने में सक्षम है जो हर वर्ष सैंकड़ों - हजारों लोगों की मौत की वजह बनते हैं।
- स्विट्जरलैंड के स्टेनिसलास वावरिंका ने तीसरी बार चेन्नई ओपन एटीपी टेनिस टूर्नामेंट (2015) के पुरुष एकल का खिताब जीता। इस जीत के साथ ही वावरिंका चेन्नई ओपन के 20 वर्षो के इतिहास में यह खिताब तीसरी बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।
- ब्रिटेन गुजरात के अहमदाबाद में जल्द ही उप उच्चायोग का कार्यालय खोलेगा। ब्रिटेन के व्यापार और निवेश राज्य मंत्री लॉर्ड लिविंगस्टन ने अहमदाबाद में बताया कि उनका देश गुजरात में राजनयिक केंद्र खोलने वाला विश्व का पहला देश होगा।

- टेक महिन्द्रा ने स्विस कंपनी एसओएफजीइएन (SOFGEN) होल्डिंग्स लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए समझौता किया।
- ऑस्ट्रेलिया ने भारत के हराकर बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला जीती।
- योजना आयोग की पूर्व सचिव सिंधुश्री खुल्लर को नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। उन्होंने अप्रैल 2012 में योजना आयोग के सचिव का पदभार संभाला था। 65 वर्ष पुराने योजना आयोग को समाप्त कर दिया गया है और उसके स्थान पर नीति (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान) आयोग बनाया गया है।



- 47 प्रवासी मृत पाए जाने की घटना के बाद पक्षी वन और वन्य जीवन विभाग ने सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया।
- स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने ब्रिस्बेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिताब जीत लिया। उन्होंने यह खिताब पहली बार जीता। इसके पहले रोजर फेडरर ने 17 ग्रैंड स्लैम जीते थे। इस जीत के साथ ही वह ऐसे तीसरे टेनिस खिलाड़ी बन गए जिन्होंने 1000 एटीपी खिताब जीते हों।
- अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी शिखर सम्मेलन 2015 की मेजबानी अमेरिका द्वारा की जाएगी जिसका आयोजन वाशिंगटन में किया जाना है। इसका उद्देश्य चार्ली हेबडो के पेरिस कार्यालय पर किए गए हिंसक चरमपंथ के हमलों को रोकना है।
- 72वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कारों में एडी रेडमायने और जूलियन मूर को क्रमश: सर्वश्रेष्ठ अभिनेता एवं अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फिल्म 'बॉयहुड' ने सर्वाधिक तीन पुरस्कार जीते। इसने सर्वश्रेष्ठ फिल्म (ड्रामा), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक- रिचर्ड लिंकलेटर और सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री- पैट्रिसिया आर्क्वेटी के पुरस्कार जीते।



- पुर्तगाल के वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने प्रतिद्वंदी लियोनल मेस्सी को हराकर तीसरी बार सर्वश्रेष्ठ फुटबालर का 'बेलोन डियोर-2014' पुरस्कार जीता। क्रिस्टियानो रोनाल्डो डॉस सैंटोस अवीयरो, जिसे आमतौर पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम से जाना जाता है, एक पुर्तगाली पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी है जो रियल मद्रिद के लिए खेलते है और पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम का कप्तान हैं। इन्हीं पुरस्कारों में रोनाल्डो के रीयाल मैड्रिड के साथी जेम्स रोड्रिगेज ने साल के सर्वश्रेष्ठ गोल का पुरस्कार जीता जबकि जर्मनी के कोच जोकिम लोव को साल का सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया।
- सर्वोच्च न्यायालय ने अंतर राज्य प्रवासियों के मतदान अधिकार पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। वीपी शमशीर ने अंतर राज्य प्रवासियों को मतदान के समान

www.crackgpsc.com

अधिकार जैसा कि सरकारी अधिकारियों को डाक मतपत्र के जरिए अपना मतदान करने का विशेषाधिकार प्राप्त है, की अनुमति देने के लिए आवेदन किया था।

- विश्व बैंक ने गुजरात सरकार और भारत सरकार के साथ गुजरात के स्मार्ट शहरों की पहल और स्वच्छता अभियान के लिए त्रिपक्षीय समझौता किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और द यूरोपीयन सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने केंद्रीय बैंकिंग में सहयोग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- दीपक पारेख बीएई सिस्टम्स इंडिया (सर्विसेस) प्राइवेट लिमिटेड का गैर कार्यकारी निदेशक और अध्यक्ष नियुक्त।
- हरियाणा के रेवाड़ी से रोहतक के बीच देश की पहली सीएनजी ट्रेन को ग्रीन सिग्नल मिल गया। रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने रिमोट बटन दबाकर सीएनजी ट्रेन की शुरुआत की। डीजल और सीएनजी दोनों सिस्टम से लैस यह डीएमयू ट्रेन फिलहाल रेवाड़ी से रोहतक के बीच चलेगी। डीजल-सीएनजी ट्रेन के लिए रेलवे ने विशेष तौर पर एक 1400 हॉर्सपावर का इंजिन तैयार करवाया है। अनुमान के मुताबिक रेवाड़ी पैसेंजर ट्रेन 81 किमी की दूरी तय करने में करीब सीएनजी का 20 फीसदी से अधिक ईंधन उपयोग करेगी।




- ऑस्ट्रेलिया में बनेगा पहला मानव शरीर संग्रहालय।
- हैंडसेट कंपनी माइक्रोसाफ्ट डिवाइस ने एप्प के लिए मासिक बिल में भुगतान की सुविधा देने के लिए आइडिया सेल्यूलर से गठजोड़ किया।

## ➢ 3rd week



- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की 'मंगलयान' टीम को वर्ष 2015 का 'स्पेस पायनियर अवॉर्ड' देने की घोषणा की गई। इसरो को यह पुरस्कार अमेरिका की नैशनल स्पेस सोसायटी (NSS) ने साइंस ऐंड इंजिनियरिंग कैटिगरी में देने की घोषणा की। विदित हो कि 450 करोड़ रुपए की लागत वाला इसरो का 'मॉर्स ऑर्बिटर' सबसे सस्ता अंतरग्रहीय मिशन था और भारत इसके साथ ही विश्व में पहले ही प्रयास में मंगल की कक्षा में अंतरिक्ष यान स्थापित करने वाला एकमात्र राष्ट्र बना।
- 'प्रेमचंद की कहानियों का कालक्रमानुसार अध्ययन' पुस्तक के लिए हिंदी लेखक डॉ. कमल किशोर गोयनका को वर्ष 2014 का व्यास सम्मान देने की घोषणा की गई। व्यास सम्मान, 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' के बाद दूसरा सबसे बड़ा साहित्य-सम्मान है। इस सम्मान की शुरूआत वर्ष 1991 में के के बिडला फाउण्डेशन की ओर से की गई थी।
- राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने यमुना में गंदगी डालने वालों पर जुर्माना लगाने का आदेश जारी किया।

www.crackgpsc.com

- 'डॉ. आर्थो तेल एवं कैप्सूल' को वर्ष 2013-14 के 'एशियाज मोस्ट प्रॉमिसिंग ब्रांड अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
- अमेरिका ने आतंकी संगठन तहरिक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के प्रमुख मौलाना फजलुल्ला को 'ग्लोबल टेररिस्ट' (वैश्विक आतंकी) घोषित किया। फजलुल्ला ने पेशावर स्थित ऑर्मी स्कूल में आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी।
- सातवें वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन का आयोजन गांधीनगर, गुजरात में 11 जनवरी 2015 से 13 जनवरी 2015 तक किया गया। अदाणी समूह ने 2020 तक गुजरात स्थित अपने बंदरगाहों की क्षमता बढ़ाकर सालाना 10 करोड़ टन करने के लिए 20,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की और 25,000 करोड़ रुपए ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की घोषणा की। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी ने एक लाख करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की। बिड़ला समूह ने अगले 12-18 महीनों में 20,000 करोड़ रुपए के निवेश के लिए प्रतिबद्धता जताई। ऑस्ट्रेलियाई कंपनी रियो टिंटो ने गुजरात के विशाल खनन और हीरा कटिंग उद्योग में 30,000 नौकरियों की घोषणा की। सम्मेलन में 25 लाख करोड़ रुपयों के करीब 21000 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। विदित हो कि वर्ष 2013 में आयोजित शिखर सम्मेलन में 12 लाख करोड़ रुपयों के निवेश के साथ 17000 समझौते ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए थे।




- चीनी पुरातत्वविदों ने मध्य चीन के हुबेई प्रांत में बौद्ध अवशेषों को खोज निकाला।
- बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को 'सोशल मीडिया पर्सन ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर एक्टिव रहने के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें इंटरनेट ऐंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने प्रदान किया।
- भारत की भक्ति शर्मा ने अंटार्कटिक महासागर में 1.4 मील तैरकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। भक्ति ने एक डिग्री सेल्सियस तापमान में 52 मिनट में यह दूरी तय की। भक्ति ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला हैं। इसके साथ ही भक्ति शर्मा यह कारनामा करने वाली सबसे कम उम्र की विश्व में पहली लड़की बनीं। इस खिताब के साथ ही शर्मा दुनिया के सभी पांच महासागरों को तैरकर विजय करने वाली विश्व की पहली महिला भी बनीं।
- महाराष्ट्र केबिनेट ने सूखे से प्रभावित किसानों को 26 जनवरी 2015 को 2000 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का फैसला किया।
- ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। टी20 क्रिकेट में हैट्रिक बनाने वाले वह विश्व के पहले गेंदबाज हैं। एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज 300 विकेट लेने का रिकॉर्ड ब्रेट ली ने बनाया।

- प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक एएस किरण कुमार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष का पदभार संभाला। उन्होंने के. राधाकृष्णन की जगह ली। मंगलयान मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किरण कुमार इससे पहले अहमदाबाद में स्पेस एप्लिकेशन सेंटर (सैक) में निदेशक पद पर तैनात थे।
- नागपुर में संपन्न राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में सतीश कुमार (सुपर हैवीवेट वर्ग) एवं सुमित सांगवान (लाइट हैवी वर्ग) ने स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का 'ओवरऑल' खिताब हरियाणा ने सर्वाधिक 40 अंकों के साथ जीता।
- संस्कृत भाषा में लिखी 'कनकआलोचन:' नामक कहानी संग्रह के लिए संस्कृत के विद्वान प्रभुनाथ द्विवेदी का चयन संस्कृत भाषा हेतु साहित्य अकादमी पुरस्कार-2014 के लिए किया गया। 'कनकआलोचन:' में 16 लघु कहानियां हैं जो समाज को खोखला करने वाले विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर आधारित हैं।
- सीबीआई के पूर्व निदेशक एपी सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। एपी सिंह ने इस्तीफा देने का कारण मुंबई में विशेष कोर्ट द्वारा भाजपा अध्यक्ष अमित शाह को बरी किया जाना बताया। यूपीएससी का सदस्य नियुक्त होने से पहले एपी सिंह सीबीआई के निदेशक (वर्ष 2010-12) रहे। ए पी सिह के कार्यकाल में शाह के खिलाफ दो आरोपपत्र दायर हुए थे। एपी सिंह तब विवादों में आए, जब वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय में कोयला घोटाले पर सुनवाई के दौरान आयकर विभाग ने मोइन कुरैशी व उनके बीच संबंधों का खुलासा किया।
- पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) ने गोवा में आयोजित 76वीं राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। दोनों ही वर्गों में पीएसपीबी ने पश्चिम बंगाल को हराया।
- दुनिया की प्रमुख फाइनैंशल मैगजीन इंस्टिट्यूशनल इनवेस्टर की ओर से कराए गए एक सर्वे में ओबरॉय मुंबई को दुनिया का बेस्ट होटेल चुना गया है। अमेरिका की इस मैगजीन ने '2014 वर्ल्ड्स बेस्ट होटेल्स' सर्वे के लिए 42 देशों के ऐसे सीनियर एग्जिक्यूटिव्स से बात की, जिन्होंने पिछले वर्ष 50 या इससे अधिक रातें होटेल्स में बिताई थीं। यह पहली बार है कि किसी भारतीय होटल को इस ग्लोबल सर्वे में दुनिया का बेस्ट होटल चुना गया है। इसके साथ ही इस लिस्ट में आने वाला ओबरॉय मुंबई भारत का एकमात्र होटेल है। ओबरॉय ग्रुप की शुरुआत 1934 में हुई थी। यह छह देशों में 30 होटल ऑपरेट करता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन को ब्रिटिश पत्रिका सेंट्रल बैंकिंग ने गवर्नर आफ दी ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया है। इससे पहले यूरोमनी पत्रिका ने भी गत साल राजन को केन्द्रीय बैंकों के सर्वश्रेष्ठ गवर्नर के पुरस्कार से सम्मानित किया था।
- आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25% की कमी की घोषणा की। इस घोषणा के बाद रेपो रेट घटकर 7.75% हो गई जो पहले 8% थी। आरबीआई ने आर्थिक विकास दर बढ़ाने के

मकसद एवं महंगाई दर में आई कमी की वजह से यह कटौती की। सीआरआर और रिवर्स रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया। वर्तमान में सीआरआर 4% और रिवर्स रेपो रेट 6.75% है।

- केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने रेजिडेंट आईडेंटिटि कार्ड (आरआईसी) रीडर्स का पहला सेट नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर के धवन और तटरक्षक बल के महानिदेशक वाइस एडमिरल ए जी थपलियाल को सौंपा। इन आरआईसी रीडर्स का इस्तेमाल समुद्री सुरक्षा एजेंसियां आरआईसी योजना के तहत जारी की गई तटीय क्षेत्र के निवासियों के पहचान पत्रों की जांच में करेंगी।
- विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने रिद्धि सिद्धि बुलियन लिमिटेड (आरएसबीएल) पर आरबीआई नियमों का उल्लंघन करने के एवज में 100 करोड़ रुपयों का जुर्माना लगा दिया।
- हरियाणा सरकार ने योग प्रशिक्षक बाबा रामदेव को राज्य का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया। हरियाणा के सभी 6500 गांवों के साथ शहरों में योगशाला बनेंगी। 15



- हरिशंकर ब्रह्मा (एच एस ब्रह्मा) देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त। उन्हों ने वीएस संपत का स्थान लिया। एचएस ब्रह्मा व्यक्ति के रूप में 19वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त है। भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन थे।
- दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर हाशिम अमला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। अमला ने 104वें मैच की 101वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की। हाशिम अमला के पिता एवं दादा भारत के गुजरात प्रांत के ही रहने वाले थे। व्यापार के संदर्भ वह दक्षिण अफ्रीका आए और वहीं बस गए तथा यहीं की नागरिकता ले ली।
- 15 जनवरी 2015 को भारत ने अपना 67वां सैन्य दिवस मनाया। यह दिन लेफ्टिनेंट जनरल (बाद में फिल्ड मार्शल बने) के एम कापड़िया के 15 जनवरी 1949 को स्वतंत्रता के बाद पहले भारतीय सेनाध्यक्ष बनाए जाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने भारत में अंतिम ब्रिटिश सेनाध्यक्ष जनरल सर फ्रांसिस बुचर का स्थान लिया था। वर्तमान में थल सेनाध्यक्ष जनरल दलबीर सिंह सुहाग, नौ सेना प्रमुख एडमिरल रॉबिन के धोवन और वायु सेनाध्यक्ष अरुप राहा है।
- अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने 'एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर 2014' (FIH 2014 Player of the Year Awards) की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया के पुरुष हॉकी खिलाड़ी मार्क नोल्स और हॉलैंड की महिला हॉकी खिलाड़ी एलेन हूग को वर्ष 2014 के लिए क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में 'प्लेयर ऑफ द ईयर' घोषित किया गया।

- अमेरिकी के एक स्वयंसेवी संगठन जिराफ हीरोज प्रोजेक्ट ने जाने माने भारतीय आरटीआई कार्यकर्ता सुभाष चंद्र अग्रवाल को जिराफ हीरो पुरस्कार 2015 से सम्मानित करने की घोषणा की। अग्रवाल को यह पुरस्कार असंख्य चुनौतियों का सामना करते हुए सार्वजनिक भलाई के लिए सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 का प्रयोग करने के लिए प्रदान किया जा रहा है। अग्रवाल के नाम पर सबसे अधिक संख्या में संपादक के नाम पत्र के प्रकाशित होने का गिनिज रिकॉर्ड भी है।
- अनुपम श्रीवास्तव ने सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कम्पनी-भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का स्थान ग्रहण किया।
- चीन के दवा नियामक चीन खाद्य एवं औषधि प्रशासन (सीएफडीए) ने पोलियो के इलाज के लिए S-IPV नाम की नई वैक्सीन को मंजूर कर लिया।
- जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग बैंक (जेबीआईसी) ने अपने एक सर्वेक्षण में भविष्य में विनिवेश हेतु भारत को प्रथम स्थान दिया।
- स्टीफन कोन्सटेंटाइन को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वे दूसरी बार भारतीय टीम के कोच बनाए गए। इंग्लैंड के कोन्सटेंटाइन ने नीदरलैंड के विम कोवरमैंस का स्थान लिया जिन्होंने भारत के फिलिस्तीन के खिलाफ दोस्ताना मैच में 3-2 से हारने के बाद अक्टूबर 2014 में इस्तीफा दिया था।
- जनजातीय लोगों को आय का अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध कराने के लिए केन्द्रीय जनजातीय कार्यमंत्री जुएल उरांव ने नई दिल्ली में प्रथम जनजातीय खाद्य उत्सव का शुभारंभ किया।
- 21वें वार्षिक लाइफ ओके स्क्रीन अवार्ड्स में शाहिद कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का और प्रियंका चोपडा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड प्रदान। 'क्वीन' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का, 'क्वीन' फिल्म के निर्देशक विकास बहल को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। प्रियंका चोपड़ा को उनकी फिल्म 'मैरीकॉम' और शाहिद को फिल्म 'हैदर' के लिए पुरस्कृत किया गया। हेमा मालिनी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति के उद्यमियों हेतु 'अनुसूचित जाति उद्यम पूंजी कोष' (Venture Capital Fund for scheduled caste) नामक विशेष योजना प्रारंभ की। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने 200 करोड़ रूपये की प्रारंभिक पूंजी के साथ नई दिल्ली में इस योजना का शुभारंभ किया।
- भारत के दीपन चक्रवर्ती को हराकर यूक्रैन के आंद्रे बेरिशपोलेट्स ने 13वां पार्श्वनाथ इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट जीता।
- भारत के टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने दक्षिण अफ्रीका के रावेन क्लासेन के साथ मिलकर हेनकेन ओपन का पुरुष युगल खिताब जीता।

www.crackgpsc.com

- गीतकार गोविंद हल्दर का निधन हो गया। गोविंद हल्दर ने बांग्लादेश में मुक्ति संग्राम के दौरान अपने देशभक्ति के गीतों से लाखों लोगों को प्रेरित किया था।
- सिडनी इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में विक्टर ट्रोइकी ने पुरुष एकल का, पेट्रा क्विटोवा ने महिला एकल का, रोहन बोपन्ना और कनाडा के डेनियल नेस्टर की जोड़ी ने पुरुष युगल का, सानिया मिर्जा और बेथानी माटेक सैंड्स की जोड़ी ने महिला युग्ल का खिताब जीता।
- भारतीय मूल के अमेरिकी उद्यमी एवं जन कल्याण से जुड़े फ्रैंक इस्लाम को मार्टिन लूथर किंग जूनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान फ्रैंक को अंतरराष्ट्रीय सेवाओं और लोगों से जुड़ने की उनकी प्रवत्ति के लिए दिया गया।
- दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट खिलाड़ी एवं वर्तमान टीम कप्तान अब्राहम डिविलियर्स ने अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट मैच में सबसे तेज अर्धशतक और शतक लगाने का विश्व रिकार्ड बनाया। इसके साथ ही डिविलियर्स ने एकदिवसीय मैच में एक पारी में सर्वाधिक छक्के (16 छक्के) लगाने के भारत के क्रिकेट खिलाड़ी रोहित शर्मा के विश्व रिकार्ड की भी बराबरी की। डिविलियर्स ने 31 गेंदों में 8 चौके और 10 छक्के की मदद से शतक पूरा किया। डिविलियर्स ने न्यूज़ीलैंड के कोरी एंडरसन का 37 गेंदों में शतक लगाने का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। इसके साथ ही डिविलियर्स ने अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय मैच में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड भी बनाया और 16 गेंदों में अर्धशतक पूरा करते हुए श्रीलंका के सनथ जयसूर्या का 17 गेंदों में अर्धशतक का रिकॉर्ड ध्वस्त किया।
- दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसू और हाशिम अमला ने अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय मैच के किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का कीर्तिमान भी रचा। रोसू और अमला ने पहले विकेट के लिए 247 रन जोड़े। इसके अलावा न्यू वांडर्स में अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट मैच की एक पारी में तीन बल्लेबाजों के शतक बनने का विश्व कीर्तिमान भी बना।
- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने स्वदेश निर्मित पहला हल्का लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस (एसपी-1) भारतीय वायु सेना (आईएएफ) को सौंपा। रक्षा मंत्री मनोहर पर्रीकर ने तेजस को एयर चीफ मार्शल अनूप राहा की उपस्थिति में भारतीय वायु सेना को सौंप दिया। एलसीए तेजस विकसित एक हल्का लड़ाकू जेट विमान है। इसकी गति 1.8 मैक और रेंज 3000 किमी है।




www.crackgpsc.com

- भारत के बिलियर्डस खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने ध्रुव सितवाला को हराकर सीनियर राष्ट्रीय बिलियर्डस का सातवीं बार खिताब जीता।
- फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी को केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने लीला सैमसन का स्थान लिया जिन्हों ने जनवरी 2015 में केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।
- राजनीतिक विचारक रजनी कोठारी का निधन हो गया। उन्हों ने वर्ष 1963 में सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटी (सीएसडीएस) की स्थापना की थी। उन्हों ने वर्ष 1980 में 'लोकायन' नाम के संस्थान की भी स्थापना की। 1969 में उनकी पहली पुस्तक 'पॉलिटिक्स इन इण्डिया' प्रकाशित हुई। यह पुस्तक भारतीय राजनीति को समझने का तर्कपूर्ण मॉडल पेश करती है।
- देहरादून के तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) चेन्नई को हराकर 10वां सैवियो कप अखिल भारतीय बास्केट बॉल टूर्नामेंट जीता।
- देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आइसीआइसीआइ बैंक ने ट्विटर एकाउंट से पैसा भेजने की सुविधा का शुभारंभ किया। विदित हो कि आइसीआइसीआइ बैंक ने वर्ष 2013 में फेसबुक से बैंकिंग सेवाओं को जोड़ा था और अब ट्विटर एकाउंट से पैसा हस्तांतरित करने की सुविधा प्रारंभ की गई है। भारत में ऐसा करने वाला आइसीआइसीआइ पहला बैंक है।
- हैती के राष्ट्रपति माइकल मार्टेली ने प्रधानमंत्री इवांस पॉल के नेतृत्व में सरकार के गठन की घोषणा की।
- भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग (महिला युगल) हासिल की।
- नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के वैज्ञानिकों और नेशनल ओसियानिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए दो अलग- अलग विश्लेषण के अनुसार 1880 के बाद साल 2014 पृथ्वी का सबसे गर्म वर्ष रहा। साल 2014 का वैश्विक औसत तापमान 20वीं सदी के औसत तापमान की तुलना में आम तौर पर 1.24°F (या 0.69°C) अधिक गर्म था।
- नेपाली कांग्रेस के नेता दीप कुमार उपाध्याय भारत में नेपाल के राजदूत नियुक्त।
- ऑक्सफैम (Oxfam) द्वारा जारी एक शोध रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के एक प्रतिशत अमीरों के पास दुनिया की आधी संपत्ति हैं।
- भारतीय मूल के अमेरिकी लेखक विक्रम चंद्रा की पुस्तक 'गीक सबलाइम : द ब्यूटी ऑफ द कोड, द कोड ब्यूटी' को अमेरिका के सबसे प्रतिष्ठित साहित्य पुरस्कार 'नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्किल' (एनबीसीसी) हेतु चयनित।

www.crackgpsc.com

- गन फॉर ग्लोरी शूटिंग चैंपियनशिप 2015 में अयोनिका पॉल और अन्नु राज सिंह ने स्वर्ण पदक जीते।
- अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी के रूप में 100 सप्ताह पूरे किए। इसके साथ ही सेरेना लगातार 100 सप्ताह तक विश्व में नंबर एक स्थान पर रहने वाली दुनिया की चौथी खिलाड़ी बनीं। सबसे ज्यादा सप्ताह तक विश्व में नंबर एक स्थान पर रहने का रिकार्ड स्टेफी ग्राफ के नाम हैं, जो 186 सप्ताह तक विश्व में नंबर एक स्थान पर रहीं थीं। 19
- सामाजिक कार्यकर्ता और स्वतंत्रता सेनानी घेलुभाई नाईक का गुजरात के डांग जिले में निधन हो गया। वह गांधीवादी कार्यों के लिए जाने जाते थे और उन्होंने आदिवासी लोगों के उत्थान हेतु स्वराज आश्रम की स्थापना की। उन्होंने ईसाई मिशनरीज द्वारा डांग में आदिवासियों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने का विरोध किया।
- हिंदी उपन्यास फरिश्तासुर्खियों में रहा जब लेखक कपिल इसापुरी ने फिल्म पीके निर्माताओं पर कुछ अंशों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।
- सिक्किम राज्य सरकार ने नीदरलैंड और थाइलैंड के सरकारों के साथ राज्य में फूलों की खेती के विकास के लिए एक समझौता किया।
- भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और चीन की ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा.कॉम ने भारत के लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई को 'गोल्डन पिकाक अवार्ड फॉर कापरेरेट सोशल रिस्पोंस्बिलिटी' से पुरस्कृत किया गया।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने भारत में बाघों की स्थिति पर नवीनतम रिपोर्ट 2014 (The latest report on Status of Tigers in India, 2014) जारी की। वर्ष 2010 में बाघों की संख्या 1706 थी जो वर्ष 2014 में बढ़कर 2226 हो गई। यह बढ़ोत्तरी 30.5% है। विश्व के 70% बाघ भारत में पाए जाते हैं। पश्चिम घाट के राज्यों में बाघों की संख्या तेजी से बढ़ी और देश में सबसे अधिक 406 बाघ कर्नाटक में हैं।
- भारतीय मूल के प्रख्यात शोधकर्ता और शिक्षाविद् जसजीत अहलूवालिया को अमेरिका के न्यू जर्सी में रटगर्स यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ का डीन नियुक्त किया गया।
- सुजलॉन एनर्जी ने अपने जर्मन सहायक सेनवियॉन एसई के 100% हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की।
- केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने देश के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और फिर से जीवित करने के प्रयास के मद्देनजर राष्ट्रीय विरासत विकास एवं संवर्धन योजना (हृदय) का शुभारंभ किया।

- विश्व की मशहूर ऑपरेटिंग सिस्टम निर्माता कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपना नया संस्करण विंडोज_10 लॉन्च किया। यह ऑपरेटिंग सिस्टम मोबाइल,टेबलेट के साथ-साथ पर्सनल कंप्यूटर को भी सपोर्ट करेगा।
- सुनील सूद को भारत में वोडाफोन का सीईओ नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति के साथ ही वह भारत में वोडाफोन के पहले भारतीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बन गए।
- सऊदी अरब के शाह (राजा) अब्दुल्ला का रियाद में निधन। शाह अब्दुल्ला को अलकायदा के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का साथ देने वाले और महत्वपूर्ण सुधारों के जरिए सऊदी मुस्लिम समाज को आधुनिक बनाने की कोशिश करने वाले शासक के रूप में देखा जाता है। अब्दुल्ला के बाद उनके भाई सलमान सऊदी अरब के राजा (शाह) होंगे।

## ➢ 4th week

- प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बना ली। भारतीय बैंकों ने पांच महीने की छोटी अवधि में प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 11.50 करोड़ खाते खोले। इस की सराहना गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने की।
- केरल के संस्कृति मंत्री के सी जोसफ ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय संगीत संस्थान की स्थापना की घोषणा की। यह संगीत को समर्पित भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय संस्थान होगा। सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान की अध्यक्षता वाले एक ट्रस्ट को इस संस्थान की स्थापना की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगना एवं लड़कियों को सुशिक्षित बनाना है। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का ब्रांड अंबेसडर बनाया गया।




- एप्पल इंक ने यूनाइटेड किंग्डम की स्टार्टअप कंपनी सिमेट्रिक लिमिटेड का अधिग्रहण किया।
- भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और पी वी सिंधु विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की महिला रैंकिंग में क्रमश: तीसरे और नौवें स्थान पर पहुंच गई।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून ने शांति निर्माण पैनल में भारतीय समाजशास्त्री सरस्वती मेनन को नियुक्त किया। इस पैनल में शांति निर्माण की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।


www.crackgpsc.com

- एसबीआई ने यूरोपीय इन्वेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) के साथ 100 मिलियन यूरो ऋण के समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- थाइलैंड की भूतपूर्व प्रमुख यिंगलक शिनावात्रा पर सेना समर्थित संसद ने महाभियोग लगाया। महाभियोग की वजह से यिंगलक शिनावात्रा पर पांच वर्षों के लिए राजनीतिक प्रतिबंध लगा दिया गया। थाइलैंड के इतिहास में संसद द्वारा महाभियोग लगाए जाने वाली यिंगलुक पहली प्रधानमंत्री हैं। यह महाभियोग राइस प्लीडिंग स्कीम में भ्रष्टाचार को रोकने में नाकाम रहने पर लगे आरोप का नतीजा था। यिंगलुक थाइलैंड की पहली महिला प्रधानमंत्री और सबसे युवा प्रधानमंत्री थीं।
- भारत वर्ष 2010 से लगातार पांचवे वर्ष विश्व का चौथा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश बना रहा। भारत ने वर्ष 2014 में कुल 8.32 करोड़ टन इस्पात का उत्पादन किया। सर्वाधिक 82.2 करोड़ टन इस्पात उत्पादन के साथ चीन प्रथम स्थान पर, जबकि जापान दूसरे और अमेरिका तीसरे स्थान पर रहे। भारत वर्ष 2010 से चौथा बड़ा उत्पादक देश बना हुआ है।
- जगन्नाथन चक्रवती माइंड ट्री लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किए गए। उनका कार्यकाल 1 अप्रैल 2015 से शुरु होगा।
- कवयित्री अरुंधति सुब्रमण्यम को जयपुर में आयोजित साहित्य महोत्सव में उनके कविता संग्रह “व्हेन गॉड इज़ ट्रेवलर” के लिए खुशवंत सिंह मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- महाराष्ट्र सरकार ने लंदन स्थित बी आर अंबेडकर के उस घर को खरीदने का फैसला किया है, जहां वह वर्ष 1920 में रहते थे। खरीदने के पश्चात इसे स्मारक-सह-संग्रहालय में तब्दील कर दिया जाएगा। यह घर 14 अप्रैल 2015 को अम्बेडकर की 124वीं जयंती के दिन जनता के लिए खोल दिया जाएगा।
- दिव्य प्रकाश सिन्हा को केंद्रीय मंत्रिमंडल सचिवालय में सुरक्षा सचिव के रूप में नियुक्त किया गया।
- भारत - यूएस ने एशिया - प्रशांत एवं हिंद महासागर क्षेत्र के लिए संयुक्त सामरिक विजन की घोषणा की जिस में आतंकवाद, जल दस्युता तथा व्यापक विनाश के हथियारों के प्रसार का विरोध, अगले पांच वर्षों में अपनी क्षेत्रीय वार्ता को सुदृढ़ करना, एशिया की महाशक्तियों के बीच संबंध बढ़ाना जैसे मुद्दे सामिल है।
- न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ल्यूक रोंची और ग्रांट इलियट ने वन डे क्रिकेट में छठे विकेट के लिए साझेदारी का विश्व रिकार्ड बनाया। रोंची और इलियट ने श्रीलंका के साथ मुकाबले के दौरान छठे विकेट के लिए 267 रन जोड़े। इससे पहले यह रिकार्ड भारत के महेंद्र सिंह धौनी और श्रीलंका के महेला जयवर्धने के नाम था, जिन्होंने एशिया एकादश के लिए वर्ष 2007 में अफ्रीका एकादश के खिलाफ 218 रन जोड़े थे।

- अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा के 'गार्ड ऑफ ऑनर' को भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर पूजा ठाकुर ने लीड किया। इसके साथ ही पूजा ठाकुर राष्ट्रपति भवन में 'गार्ड ऑफ ऑनर' लीड करने वाली भारतीय पहली महिला अधिकारी बनीं।



- मिस कोलंबिया पॉलिना वेगा को वर्ष 2014 का मिस यूनीवर्स चुना गया। मिस यूनिवर्स सौंदर्य प्रतियोगिता 2014 अमेरिका के फ्लोरिडा के मियामी में संपन्न हुई। अमेरिका की निया सांचेज फर्स्ट रनरअप रहीं। भारत की सुष्मिता सेन ने वर्ष 1994 में और लारा दत्ता ने वर्ष 2000 में मिस यूनिवर्स का ख़िताब जीता था। सुष्मिता सेन भारत की पहली सुंदरी हैं जिन्होंने मिस यूनिवर्स का ख़िताब जीता। पहली ब्रहमाण्ड सुन्दरी प्रतियोगिता लांग बीच में सन 1956 में आयोजित की गयी थी। फिनलैंड की अर्मि कूसेला ने प्रथम मिस यूनिवर्स (ब्रहमाण्ड सुन्दरी) खिताब जीता था।



- भारत के मशहूर कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण का पुणे में निधन हो गया। पांच दशकों से अधिक समय से आरके लक्ष्मण ने अपने कार्टून कैरेक्टर 'कॉमन मैन' के द्वारा समाज के विभिन्न पहलुओं को उकेरा था। राजनीतिक मसलों पर उनके बनाए कार्टून बहुत मशहूर हुए थे। हालांकि बाद में उन्होंने राजनीतिक मसलों पर कार्टून बनाना बंद कर दिया था। भारत सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 1971 में पद्म भूषण और वर्ष 2005 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।
- भारत-रूस संगीत महोत्सव 'जिमाफेस्ट' का गोवा के कैडोलिम समुद्री तट पर 24 जनवरी 2015 से 25 जनवरी 2015 के बीच आयोजित किया गया।
- सैयद मोदी इंटरनेशनल इंडिया ग्रां प्री गोल्ड बैडमिंटन टूर्नामेंट-2015 के विजेता: **महिला एकल वर्ग** - बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, **पुरुष एकल वर्ग** - पी. कश्यप, **महिला युगल वर्ग** - एमेलिया एलिसिया एनसकेली और फेई चो सांग, **पुरुष युगल वर्ग** - मथायस बो और कर्स्टन मोगनसन।
- कुल 104 व्यक्तियों का चयन वर्ष 2015 के पद्म पुरस्कार हेतु किया गया। इनमें 9 पद्म विभूषण, 20 पद्म भूषण और 75 पद्मश्री पुरस्कार हेतु चयनित किए गए हैं। पुरस्कार विजेताओं में 17 महिलाएं शामिल हैं। चार लोगों को यह सम्मातन मरणोपरांत दिया जाना है। पद्म विभूषण से सम्मानित होने वालों में एल. के. अडवाणी, अमिताभ बच्चन, प्रकाश सिंह बादल, मोहम्मद यूसुफ खान उर्फ दिलीप कुमार, कोट्टयम के वेणुगोपाल, करीम अल हुसैनी आगा खान आदि शामिल हैं।
- पद्म भूषण पाने वालों में पूर्व चीफ इलेक्शन कमिश्नर एन गोपालस्वामी, संविधान विशेषज्ञ सुभाष कश्यप, माइक्रोसॉफ्ट चीफ बिल गेट्स, मेलिंडा गेट्स, पत्रकार रजत शर्मा और स्वप्न दासगुप्ता, वकील हरीश साल्वे, कार्डियोलॉजिस्ट अशोक सेठ, फिल्मकार जाहनु बरुआ शामिल हैं।

www.crackgpsc.com

- वहीं पद्म श्री सम्मान पाने वालों की सूची में IT क्षेत्र से जुड़े मोहनदास पई, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, महिला क्रिकेटर मिताली राज, अरुणिमा सिन्हा, तारक मेहता, फिल्मकार संजय लीला भंसाली, गीतकार प्रसून जोशी समते 75 हस्तियों के नाम हैं।
- **पद्म विभूषण**

| क्र. | नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | **एल. के. अडवाणी** | लोक सेवा | गुजरात |
| 2. | **अमिताभ बच्चन** | कला | महाराष्ट्र |
| 3. | **प्रकाश सिंह बादल** | लोक सेवा | पंजाब |
| 4. | **डॉ. डी. वीरेन्द्र हेगड़े** | सामाजिक कार्य | कर्नाटक |
| 5. | **मोहम्मद यूसूफ खान उर्फ दिलीप कुमार** | कला | महाराष्ट्र |
| 6. | **जगतगुरू रमानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य** | अन्य | उत्तर प्रदेश |
| 7. | **प्रो. मलुर रामास्वामी निवासन** | विज्ञान और इंजीनियरिंग | तमिलनाडु |
| 8. | **कोट्टायन के. वेनुगोपाल** | लोक सेवा | दिल्ली |
| 9. | **करीम अल हुसैनी आगा खान (विदेशी)** | व्यापार एवं उद्योग | फ्रांस/यूके |

- **चार गुजराती को पद्मश्री**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **तारक मेहता** | कला | गुजरात |
| 2 | **डॉ. तेजस पटेल** | चिकित्सा | गुजरात |
| 3 | **गुनवंत शाह** | साहित्य एवं शिक्षा | गुजरात |
| 4 | **डॉ. हरगोविंद लक्ष्मीशंकर त्रिवेदी** | चिकित्सा | गुजरात |

- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मेजर मुकुंद वरदराजन और नायक नीरज कुमार सिंह को मरणोपरांत शांति के समय दिए जाने वाले सर्वोच्च सैन्य सम्मान अशोक चक्र प्रदान किया। मेजर मुकुंद वरदराजन और नायक नीरज कुमार सिंह ने कश्मीर के अलग-अलग शपियां और कुपवाड़ा जिलों में आतंकवादियों से मुकाबला करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इन दो सैनिकों के अलावा 12 जल सेना के अधिकारियों को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।

www.crackgpsc.com

- भारत ने अपना 66वां गणतंत्र दिवस मनाया। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने राजपथ पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। इस गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि अमेरिका के राष्ट्रापति बराक ओबामा रहे। वर्ष 2015 के परेड का मुख्य विषय 'महिला सशक्तिकरण' रहा। पहली बार सशस्त्र सेनाओं की महिला टुकड़ियों ने राजपथ पर परेड में हिस्सा लिया। तेलंगाना राज्य ने भी गणतंत्र दिवस के परेड में पहली बार हिस्सा लिया।
- ग्रीस के वामपंथी राजनितिक दल 'सिरिज़ा' के नेता अलेक्सिस सिप्रास ने ग्रीस के नए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने ग्रीस के निवर्तमान प्रधानमंत्री 'एन्टोनिस समीरास' का स्थान लिया।
- अर्जेंटीना के प्लेमेकर जुआन रोमन रिक्वेलमी ने फुटबॉल से संन्यास ले लिया।
- ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर स्टीवन स्मिथ को सिडनी में आयोजित अवॉर्ड समारोह में एलन बॉर्डर मैडल, ऑस्ट्रेलियन प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। स्मिथ को वन-डे और टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर भी चुना गया।
- सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सौद ने रियाद में सऊदी अरब के शाह (राजा) का पदभार संभाला। सउदी अरब के निवर्तमान शाह अब्दुल्ला बिन अब्दुल अजीज के निधन के बाद सलमान सऊदी अरब के नए शाह बनें।
- के दुर्गा प्रसाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के विशेष महानिदेशक (डीजी) नियुक्त किए गए। इससे पहले, प्रसाद विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के निदेशक थे। एसपीजी प्रधानमंत्री, पूर्व प्रधानमंत्रियों और उनके परिवार के सदस्यों को सुरक्षा प्रदान करता है।
- हॉकी ओलंपियन जसवंत सिंह राजपूत का निधन। 28
- भारत और ओमान के बीच पर्यटन क्षेत्र हेतु समझौता ज्ञापन को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी।
- केंद्र सरकार ने अनाज और चीनी की पैकेजिंग के लिए जूट के इस्तेमाल को अनिवार्य किया। इसके तहत अनाज की न्यूनतम 90 प्रतिशत और चीनी की न्यूनतम 20 प्रतिशत पैकेजिंग जूट की बोरियों में करनी होगी।

Useful For....
UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams

www.crackgpsc.com

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के 74% तक विदेशी निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने मशहूर गजल गायिका बेगम अख्तर की याद में दादरा, ठुमरी और गजल के लिए 'बेगम अख्तर पुरस्कार' देने का फैसला किया। पुरस्कार स्वरूप 5 लाख रुपए नकद, अंगवस्त्र और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सबसे पुराना तारा (अब तक पहचाने गए) 'केपलर-444' की खोज की। इस का आकार पृथ्वी के लगभग बराबर है। आकार में सूर्य से 25 प्रतिशत छोटे तारे 'केपलर-444' की पृथ्वी से दूरी 117 प्रकाश वर्ष है।
- स्टीव ईस्टरब्रुक मैक्डॉनल्स कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किए गए। उनका कार्यकाल 1 मार्च 2015 से शुरु होगा।
- विश्व बैंक ने हिमाचल प्रदेश से संबंधित सामाजिक समावेश और सतत विकास पर रिपोर्ट 'स्केलिंग दि हाइट्सः सोशल इन्क्लूजन एंड सस्टेनेबल डेवेलपमेंट इन हिमाचल प्रदेश' (Scaling the Heights: Social Inclusion and Sustainable Development in Himachal Pradesh) जारी की। इस के मुताबिक प्रति व्यक्ति आय के मामले में हिमाचल प्रदेश देश भर में दूसरे स्थान पर है। हिमाचल प्रदेश प्लास्टिक बैग पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने वाला भारत का पहला राज्य है। हिमाचल प्रदेश उत्तर भारत में खुले में शौच से मुक्त पहला राज्य है। यहाँ की 90 प्रतिशत आबादी गावों में निवास करती है।
- जसपाल सिंह कंधारी को चंडीगढ़ में सर्वसम्मति से जिम्नास्टिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) का अध्यक्ष चुना गया। पंजाब जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन के डॉ. बीएस घुमन को जीएफआई का महासचिव चुना गया।
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं ढांचागत विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल/ NHIDCL) की वेबसाइट **www.nhidcl.com** और लोगो लांच की।
- खेल मंत्रालय द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार की ओर से 75 लाख, रजत जीतने वालों को 50 और कांस्य जीतने वालों को 30 लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। पहले इसके लिए क्रमश: 50 लाख, 30 लाख और 20 लाख रूपए दिए जाते थे। इसी तरह एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए यह राशि 20, 10 और 6 लाख निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर क्रमश: 30, 20 और 10 लाख रूपए कर दिया गया।



- गुजरात की मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल ने गुजरात के गांधीनगर में तालुका योजना एटलस (टीपीए) का आरंभ किया। टीपीए विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में सटीक जानकारी उपलब्ध कराने

www.crackgpsc.com

हेतु संबंधित क्षेत्रों में विकास के बारे में प्रभावी निर्णय लेने में स्थानीय प्रशासन को सक्षम करने का प्रयास है। टीपीए विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में सटीक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु संबंधित क्षेत्रों में विकास के बारे में प्रभावी निर्णय लेने में स्थानीय प्रशासन को सक्षम करने का प्रयास है। यह प्रत्येक तालुका में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रों, डेयरी, शीतगृह, डाकघरों डेयरी, पशु चिकित्सा क्लीनिक, कोल्ड स्टोरेज, पीने के पानी और बैंकों जैसी सुविधाओं की संख्या के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

- गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट के संस्थापक सुभाष घीसिंग का निधन हो गया। वह 1980 के दशक में गोरखालैंड आंदोलन को खड़ा करने वालों में से प्रमुख थे। सुभाष घीसिंग ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में रहने वाले जातीय गोरखा लोगों के लिए पृथक राज्य की मांग करते हुए 1980 में गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट (जीएनएलएफ) की स्थापना की। वह 1954 में भारतीय सेना की गोरखा राइफल्स में भर्ती हुए, लेकिन 1960 में इसे छोड दिया। वर्ष 1968 में जातीय गोरखाओं के अधिकारों की सुरक्षा हेतु राजनीतिक संगठन बनाया और इसे 'नीलो झंडा' नाम दिया।
- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वर्ष 2016 के टी20 विश्व कप को भारत में आयोजित किए जाने की घोषणा की। ट्वेंटी-20 विश्व कप भारत में 11 मार्च 2016 से 3 अप्रैल 2016 के बीच आयोजित किया जाएगा। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 के फाइनल में टाई होने की अवस्था में सुपर ओवर का इस्तेमाल किया जाएगा। आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2017 इंग्लैंड में, आइसीसी महिला विश्व कप 2017 इंग्लैंड में, आइसीसी महिला टी20 विश्व कप 2018 वेस्टइंडीज में आयोजित किया जाएगा। आइसीसी क्रिकेट विश्व कप 2019 इंग्लैंड में आयोजित किया जाएगा।




- प्रख्यात संगीतकार और अभिनेता शेखर सेन संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। शेखर सेन ने लीला सैमसन का स्थान लिया जिन्होंने सितंबर 2014 में अपने पद से इस्तीफा दिया था। 29
- भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी एस. जयशंकर ने विदेश सचिव का पदभार ग्रहण किया। एस. जयशंकर ने सुजाता सिंह का स्थान लिया। भारत के विदेश


www.crackgpsc.com

सचिव नियुक्त होने से पहले एस. जयशंकर अमेरिका में भारत के राजदूत रहे। विदेश सचिव के रूप में इनका कार्यकाल दो वर्ष का है। भारत सरकार ने सुजाता सिंह को विदेश सचिव के पद से हटा दिया। इसके पहले वर्ष 1987 में राजीव गांधी ने एपी वेंकेटेश्वरण को विदेश सचिव से हटाया था। चोकिला अय्यर और निरूपमा राव के बाद सुजाता सिंह विदेश सचिव बनने वाली तीसरी महिला थी।

- पूर्व गोल्फर केल्विन डेविड जार्ज नागले का ऑस्ट्रेलिया में निधन हो गया। उन्होंने रिकार्ड 61 ऑस्ट्रेलियाई पीजीए टूर का ख़िताब जीता।
- आईसीसी) ने स्पॉट फिक्सिंग में दोषी ठहराए गए पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर पर लगा पाँच साल का प्रतिबंध हटा लिया। आमिर को स्पॉट फिक्सिंग में लिप्त पाए जाने के कारण छह माह की जेल की सजा के साथ प्रतिबंध लगा दिया गया था।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने आंध्र प्रदेश के कृष्णा डेल्टा परिसर के निकट मिसाइल प्रक्षेपण के परीक्षण के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त किया। यह स्थल ओलिव रिडले कछुओं का नीड़न स्थल (नेस्टिंग साइट) है।
- सेवानिवृत्त न्यायधीश ए पी शाह की अध्यक्षता में भारत के 20वें विधि आयोग ने अपनी 253 वीं रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी। अपनी रिपोर्ट में विधि आयोग ने भारत में वाणिज्यिक अदालतों की स्थापना करने की माँग की है ताकि बिना किसी देरी के समयबद्ध ढंग से किसी भी विवाद को सुलझाया जा सके।
- अंकटाड की ओर से जारी ग्लोबल इनवेस्टमेंट मॉनिटर रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2014 में दुनिया में एफडीआई (FDI) निवेश में 8% की कमी आई। वर्ष 2014 में सबसे ज्यादा निवेश चीन में किया गया।
- एस लक्ष्मीनारायणन श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (STFC) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किये गए। श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, भारत की सबसे बडी ट्रक वित्तपोषण कंपनी है।
- वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।
- डाक विभाग ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 'शहीद दिवस' के अवसर पर स्वच्छ भारत विषय पर स्मारक डाक टिकटें जारी की।
- गुजरात की मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल ने गांधीनगर में ई-गवर्नेंस पर 2 दिवसीय 18वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- हॉलैंड के पूर्व राष्ट्रीय कोच पॉल वैन एस को भारत की राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम का कोच नियुक्त किया गया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के टेरी वाल्श का स्थान लिया। इसके अलावा न्यूजीलैंड के एंथोनी थार्नटन को महिला हॉकी टीम का कोच नियुक्त किया गया। विदित हो कि भारत वर्ष 2018 के पुरुष हाकी विश्व कप की मेजबानी करेगा।

www.crackgpsc.com

- कृष्णा चौधरी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक (डीजी) नियुक्त किए गए। कृष्णा चौधरी सुभाष गोस्वामी का स्थान ग्रहण करेंगे। आईटीबीपी के महानिदेशक का पद 31 दिसंबर 2014 को पूर्व प्रमुख सुभाष गोस्वामी के सेवानिवृत्त होने के बाद से रिक्त पड़ा हुआ था।
- भारत ने स्वदेश में निर्मित सतह से सतह पर मार करने वाली और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया। 5000 किलोमीटर तक मार करने की क्षमता वाली यह मिसाइल पूरे एशिया तथा यूरोप के कई हिस्सों में अपने किसी भी लक्ष्य पर सटीक निशाना साध सकती है। 50 टन वजन की यह मिसाइल अपने साथ 1 टन से अधिक वजन के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इस मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया। अभी तक ऐसी क्षमता वाली मिसाइल केवल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों - चीन, फ्रांस, रूस, अमेरीका और ब्रिटेन के पास है। सबसे तेज़ गति की यह पहली ऐसी मिसाइल थी जिसने भूमध्य रेखा को पार किया।



*100 Most Imp questions in English*

www.crackgpsc.com